# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शनिवार, 31 जनवरी, 2026

वर्ष 02 | अंक 30 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# संसद में पेश हुआ देश का आर्थिक रिपोर्ट कार्ड

## FY27 में GDP ग्रोथ 7.2% तक जाने का अनुमान

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 29 जनवरी को लोकसभा में देश का सालाना आर्थिक रिपोर्ट कार्ड यानी इकोनॉमिक सर्वे पेश किया। इस सर्वे के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 (FY27) में भारत की GDP ग्रोथ 6.8% से 7.2% के बीच रह सकती है। आंकड़े उम्मीद तो जगाते हैं, लेकिन चुनौतियों की लाइन भी साफ दिखती है।

### इकोनॉमिक सर्वे की बड़ी तस्वीर

इकोनॉमिक सर्वे को आसान शब्दों में समझें तो ये देश की अर्थव्यवस्था का एक्स-रे है। पिछले एक साल में क्या सही रहा, कहां कमजोरी दिखी और आगे किस रास्ते पर चलने की जरूरत है, सब कुछ इसमें दर्ज होता है।



### आम आदमी से जुड़े अहम संकेत

1. महंगाई: थाली पर दबाव कब घटेगा दाल, तेल और सब्जियों के दाम क्यों बढ़े, इसके पीछे की असली वजहों पर सर्वे रोशनी डालता है। साथ ही यह भी संकेत मिलते हैं कि आने वाले महीनों में कीमतों से कुछ राहत मिल सकती है या नहीं।

2. नौकरी: किस सेक्टर में उम्मीद, कहां खतरा IT, मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर, तीनों की स्थिति अलग-अलग है। सर्वे बताता है कि किस सेक्टर ने सबसे ज्यादा रोजगार पैदा किया और कहां छंटनी का दबाव बना हुआ है। युवाओं के लिए यह हिस्सा सबसे ज्यादा मायने रखता है।


3. खेती-किसानी की हालत देश की करीब आधी आबादी खेती पर निर्भर है। सर्वे में खेती की विकास दर, किसानों की आय और सरकारी योजनाओं के असर का जिक्र है। सवाल वही है, क्या किसान की आमदनी वाकई बढ़ रही है।

4. सरकारी कर्ज और राजकोषीय घाटा सरकार जितना कमाती है और जितना खर्च करती है, उसके फर्क को राजकोषीय घाटा कहा जाता है। घाटा कम होना अच्छी आर्थिक सेहत का संकेत माना जाता है। सर्वे में इसे काबू में रखने की कोशिशों पर भी बात की गई है।

5. विदेशी मुद्रा भंडार की ताकत दुनिया में मंदी की आहट के बीच भारत का विदेशी मुद्रा भंडार कितना मजबूत है इसका असर सीधे रुपये पर पड़ता है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वदेशी का उनका आह्वान एक विकसित भारत का मूलभूत सिद्धांत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने हमेशा स्वदेशी पर विशेष जोर दिया जो कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए सरकार के संकल्प का एक मूलभूत स्तंभ भी है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर मेरा शत-शत नमन।''प्रधानमंत्री ने कहा, ''पूज्य बापू का हमेशा स्वदेशी पर बल रहा, जो विकसित और आत्मनिर्भर भारत के हमारे संकल्प का भी आधारस्तंभ है। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व देशवासियों को कर्तव्य पथ पर चलने के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा।'' भारत महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाता है ताकि राष्ट्र के अग्रणी नेता के जीवन और विरासत तथा शांति, न्याय




एवं स्वतंत्रता के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सके।

# अजित पवार के बाद कौन संभालेगा उनकी पार्टी, क्या नाजुक वक्त में एक हो जाएगी पवार फ़ैमिली?

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता अजित पवार की विमान हादसे में मौत हो गई है. 66 वर्षीय अजित पवार के जाने से राज्य की राजनीति में एक बड़ी जगह खाली हो गई है उनकी पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के भविष्य को लेकर भी अटकलें लगाई जा रही हैं. साल 2024 के विधानसभा चुनाव में एनसीपी ने 41 सीटों पर जीत हासिल की थी साल 2023 में दो गुटों में बंटी एनसीपी के एक धड़े का नेतृत्व अजित पवार कर रहे थे, जबकि दूसरे धड़े (एनसीपी-शरदचंद्र पवार) की कमान शरद पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले के हाथ में है।

अजित पवार रिश्ते में शरद पवार के भतीजे लगते हैं, लेकिन राजनीतिक दूरियां इतनी बढ़ गई थीं कि पार्टी में टूट हो गई।

# कोहरे के चलते दर्दनाक सड़क हादसा : तेज रफ़्तार ट्रक और कार की जोरदार टक्कर में चार की मौत, ड्राइवर फरार

**ग्वालियर।** ग्वालियर में शुक्रवार सुबह कोहरे के चलते एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कार और ट्रक की आमने सामने टक्कर में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई। जिसमें दो पुरुष और दो महिलाएं शामिल है। घटना महाराजपुरा थाना क्षेत्र के बरैठा रोड की है। ट्रक ड्राइवर ट्रक को वहीं छोड़कर भाग गया, पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्ट मार्टम के लिए भेजकर मामला दर्ज कर लिया है और फरार ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक महाराजपुरा थाना क्षेत्र के ग्वालियर भिंड हाईवे के बरैठा रोड पर शुक्रवार सुबह सड़क हादसा हो गया। ग्वालियर से मालनपुर की तरफ जा रहे एक ट्रक ने भिंड से ग्वालियर की तरफ आ रही एक कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में सवार चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे को होता देख राहगीरो ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। लेकिन जब तक ट्रक चालक ट्रक को मौके



पर छोड़ फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर क्रेन की मदद से थाने पहुंचा दिया। पुलिस जांच पड़ताल में पता चला कि चारों मृतक भिंड जिले के रहने वाले हैं और सभी अलग-अलग परिवार के हैं। जिसकी सूचना पुलिस ने चारों मृतकों के परिवारों को दी और चारों के शवो को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया।

**कार चला रहा युवक पेपर देने आ रहा था ग्वालियर** – घटना का पता चलते ही चारों मृतकों के परिवार के लोग ग्वालियर आकर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। मेहगांव से आये मृतक अंकित के भाई सौरव शर्मा ने बताया कि अंकित का ग्वालियर पॉलिटेक्निक कॉलेज में पेपर था। इसलिए वह आज सुबह अपने भाई कृष्ण दत्त शर्मा की वेगनआर कार लेकर घर से निकला था। तभी उसके पास में रहने वाली परिचित उमा राठौर ग्वालियर जाने के लिए सौरभ की कार में बैठकर सवार हो गई। रास्ते में भिंड ग्वालियर हाईवे पर 3 ज्योति यादव निवासी गोरमी भिंड और भूरे प्रजापति निवासी गोरमी भिंड हाईवे पर खड़े देखे तो सौरव ने उन्हें भी ग्वालियर छोड़ने के लिए कार में बैठा लिया। वे जब ग्वालियर बरैठा रोड पर पहुंचे तो सामने से आ रहे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी जिससे चारों की मौत हो गई।

**कोहरा बना हादसे की वजह**– मृतक ज्योति यादव की बहन नीलम ने बताया कि उसकी ससुराल गोरमी में है वहां अपने मायके ग्वालियर घास मंडी जाने के लिए निकली थी वहां से उन्हें अपने मायके वालों के साथ मथुरा जाना था। वहीं भूरे प्रजापति पेशे से मजदूर है और ग्वालियर के डीडी नगर में रहते हैं वहां अपने गांव गोरमी से वापस घर लौट रहे थे। इसके साथ ही मोरोली निवासी उमा राठौर किसी काम से ग्वालियर आ रही थी। इस दर्दनाक सड़क हादसे के बाद चारों लोगों के परिवार में मातम पसर गया है। बताया जा रहा है कि घना कोहरा और कार की तेज रफ्तार इस हादसे का कारण बनी है। फिलहाल पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## 27% OBC आरक्षण पर सियासत गरमाई: सुप्रीम कोर्ट में वकील गैरहाज़िर, उमंग सिंघार ने BJP को घेरा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामले की सुनवाई बार-बार टलने पर सियासत तेज हो गई है। उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि सुनवाई का लगातार टलना अब महज़ प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि सरकार की नीयत पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

बता दें कि गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई निर्धारित थी लेकिन राज्य सरकार की ओर से कोई भी वकील पेश नहीं हुआ। कोर्ट ने सरकार की इस अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई और कहा कि जब सरकारी वकील ही मौजूद नहीं होंगे तो सुनवाई कैसे हो सकती है।

**सिंघार ने ओबीसी आरक्षण पर सरकार को घेरा**– ओबीसी आरक्षण को लेकर उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी आरक्षण की सुनवाई का बार-बार टलना अब



सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं रह गया है, बल्कि यह भाजपा सरकार की मंशा पर सीधा सवाल खड़ा करता है। मध्यप्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़े मामलों की गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत में मध्यप्रदेश सरकार की ओर से कोई अधिवक्ता उपस्थित नहीं था जिससे कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकी। इसके बाद ओबीसी पक्ष के अनुरोध पर सुप्रीम कोर्ट ने इन सभी मामलों की अगली सुनवाई की तारीख 4 फरवरी निर्धारित की है।

**बीजेपी पर राजनीतिक धोखे का आरोप**– इस मामले पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट में सरकारी वकीलों द्वारा बार-बार समय मांगना यह संकेत देता है कि सरकार ओबीसी वर्ग के अधिकारों को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह रवैया ओबीसी समाज के साथ राजनीतिक धोखे के समान है। जिस ओबीसी वर्ग ने भाजपा को बार-बार सत्ता सौंपी और कई मुख्यमंत्रियों को चुना उसी समाज से आज विश्वासघात किया जा रहा है। उमंग सिंघार ने कहा कि 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण कोई कृपा नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकार और सामाजिक न्याय का विषय है। उन्होंने सवाल किया कि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों के बावजूद सरकार का यह रवैया क्यों बना हुआ है। इसी के साथ कांग्रेस नेता ने मांग की है कि बीजेपी सरकार ओबीसी आरक्षण पर अपना मत जनता के सामने स्पष्ट करे।

## कोर्ट के आदेश की अनदेखी महंगी पड़ी: सरकारी जमीन निजी कराने के प्रयास में नायब तहसीलदार लोकमणि शाक्य निलंबित

**ग्वालियर।** शासकीय जमीन से जुड़े एक मामले में अदालत के फैसले को दरकिनार करना एक नायब तहसीलदार को भारी पड़ गया। ग्वालियर संभागायुक्त ने डबरा में पदस्थ रहे नायब तहसीलदार लोकमणि शाक्य को शासकीय हितों के खिलाफ काम करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन पर कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद सरकारी जमीन को निजी दर्ज कराने की कोशिश करने का आरोप है। यह पूरा मामला डबरा क्षेत्र की एक शासकीय भूमि से जुड़ा है। एक प्रकरण में न्यायालय पहले ही यह स्पष्ट कर चुका था कि संबंधित जमीन सरकारी है और इसे किसी निजी व्यक्ति के नाम नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद, नायब तहसीलदार लोकमणि शाक्य ने अपने कार्यकाल के दौरान उसी जमीन को निजी व्यक्ति के नाम पर दर्ज करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया, जो सीधे तौर पर कोर्ट के आदेश का उल्लंघन था।

### वरिष्ठ अधिकारियों को भी रखा अंधेरे में

प्रशासनिक जांच में यह बात भी सामने आई है कि इस मामले में शासन की ओर से अपील दायर करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन नायब तहसीलदार ने इस पर कोई आवश्यक कार्रवाई नहीं की। उन्होंने न तो समय पर अपील दायर की और न ही इस संवेदनशील प्रकरण की स्थिति से अपने वरिष्ठ कार्यालय को अवगत कराया। प्रशासन ने इसे एक गंभीर लापरवाही माना है। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्वालियर संभागायुक्त ने इसे सामान्य प्रशासनिक चूक न मानकर शासन के हितों को नुकसान पहुंचाने वाला कृत्य माना। इसी आधार पर यह निलंबन की कार्रवाई की गई। आयुक्त कार्यालय से जारी आदेश के मुताबिक, निलंबन की अवधि में लोकमणि शाक्य का मुख्यालय ग्वालियर कलेक्टर कार्यालय रहेगा। इस दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। इस कार्रवाई के बाद राजस्व विभाग के अमले में हड़कंप है। सूत्रों का कहना है कि प्रशासन अब इस पूरे प्रकरण से जुड़ी फाइल को फिर से खंगाल रहा है। इस बात की भी प्रबल संभावना है कि जमीन से जुड़े मामलों में लापरवाही बरतने को लेकर आगे एक विस्तृत विभागीय जांच भी शुरू की जा सकती है।

## डिवाइडर से टकराई साले-बहनोई की बाइक,दोनों की मौत

**भोपाल (नप्र)।** भोपाल के ईटखेड़ी इलाके में बाइक सवार साले और बहनोई डिवाइडर से टकरा गए। हादसे में साले की दो दिन पहले इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि बहनोई ने इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह दम तोड़ दिया। हादसा 24 जनवरी की रात हुआ था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। घटना की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक रहीम पुत्र इब्राहीम (21 साला) और नसीम पिता मुबीन (27 बहनोई) दोनों ऐशबाग की बिसमिल्लाह कॉलोनी में एक महीने पहले ही किराए से रहने आए थे। मूल रूप से दोनों ही नरसिंहपुर के रहने वाले हैं। दोनों भोपाल में मजदूरी करते थे। 24 जनवरी को बाइक पर सवार होकर परिचित की शादी समारोह में शामिल होने के लिए ईंटखेड़ी जा रहे थे। तभी ईंटखेड़ी चौराहा पर उनकी बाइक डिवाईडर से टकरा गई। हादसे में घायल रहीम की इलाज के दौरान 26 जनवरी को मौत हो गई।

### बहनोई ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

नसीम ने आज दम तोड़ा है। नसीम के शव को पीएम के बाद पुलिस ने आज दोपहर परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस का कहना है कि घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, जिससे हादसे के सही कारणों का खुलासा हो सके। सभी एंगल पर मामले की जांच की जा रही है।

## मिड-डे मील के नाम पर 23 लाख परिवार के खाते में ट्रांसफर, 3 अधिकारी बर्खास्त

**देवास।** मध्य प्रदेश सरकार बच्चों के अच्छे पोषण के लिए मध्यान्ह भोजन उपलब्ध करवाती है। जिसमें उन्हें वो भोजन मिले जिससे उनका स्वास्थ्य बेहतर हो। लेकिन देवास जिले में कुछ अफसरों ने बच्चों के निवाले में भी अपना फायदा तलाश कर उनकी थाली में 'घोटाले का छेद' कर लाखों रुपए का भ्रष्टाचार किया। जिम्मेदारों ने मिड-डे मील के नाम पर 23 लाख रुपए परिवार वालों के खाते में ट्रांसफर कर दिए। मामला उजागर होने पर कलेक्टर ने भोजन प्रभारी समेत 3 अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। जिला पंचायत में पदस्थ मध्याह्न भोजन प्रभारी, पूर्व प्रभारी और ऑपरेटर को कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने गंभीर आर्थिक अनियमितताओ के चलते बर्खास्त कर एफआईआर के निर्देश दिए हैं। साथ ही उनसे पूरी रकम भी वसूली जाएगी। पूरा मामला जिला पंचायत से सामने आया है जहां मध्याह्न भोजन प्रभारी अपर्णा जैन, पूर्व प्रभारी आरती किरावर और कंप्यूटर ऑपरेटर अमन व्यास के खिलाफ भारी गड़बड़ी की शिकायत सामने आई थी। जांच में करीब 23 लाख रुपये की आर्थिक अनियमितता सामने आई है। आरोप है कि मध्याह्न भोजन के नाम पर कूटरचित खातों में राशि ट्रांसफर की गई। जिसमें अपने और परिवारजनों के खातों में पैसे डाले गए। जांच में यह भी सामने आया है कि कंप्यूटर ऑपरेटर अमन व्यास ने लगभग 12 लाख 29 हजार रुपये की राशि का गबन किया गया। भोजन प्रभारी अपर्णा जैन ने 2 लाख 48 हजार और पूर्व प्रभारी आरती किरावर ने 8 लाख 53 हजार का घोटाला किया है। जिला पंचायत के एसएस सिंह अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने मीडिया को बताया कि 23 लाख की आर्थिक अनियमितता के चलते मध्याह्न भोजन प्रभारी अपर्णा जैन, पूर्व प्रभारी आरती किरावर और कंप्यूटर ऑपरेटर अमन व्यास को बर्खास्त करने संबंधित नोटिस और एफआईआर के निर्देश दिए गए है। तीनो ने 23 लाख की राशि कूटरचित खातों में डालने का फर्जीवाड़ा किया है। यह फर्जीवाड़ा साल 2021 से 2023 के दरमियान का है। साथ ही टीम की जांच जारी है, जिसमे अन्य खुलासे होना बाकी है।

# केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प में मिल का पत्थर साबित होगा - शंकर लालवानी

## बजट को अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचाना है, मंडल स्तर पर होगा प्रसारण – सुमित मिश्रा





- **विकसित और आत्मनिर्भर भारत की झलक दिखाई देगी आम बजट में - पुष्यमित्र भार्गव**
- **भाजपा कार्यालय पर केंद्रीय बजट को लेकर बैठक सम्पन्न**

इंदौर। शुक्रवार शाम भाजपा कार्यालय पर केंद्रीय बजट को लेकर भाजपा इंदौर नगर की बैठक वरिष्ठ नेता कृष्णमुरारी मोघे, सांसद शंकर लालवानी, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, महेंद्र हार्डिया, मालिनी गौड, पूर्व अध्यक्ष कैलाश शर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 11 साल में देश में एतिहासिक विकास हुआ है, केंद्रीय बजट में विकसित भारत का रोड मैप दिखाई देखा, यह बजट मिल का पत्थर साबित होगा। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा लोकप्रिय व यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का केंद्रीय बजट में भारत की अधोसंरचना विकास के साथ साथ जन हितैषी बजट होगा, इस बजट को हमें अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है, इसलिए कार्यकर्ता मंडल स्तर पर परिचर्चा के माध्यम से बजट की उपलब्धियों को लेकर जाये। 1 फरवरी को आम बजट को हमें सभी मंडलों पर कार्यकर्ताओं, रहवासियों, समाजजनों वरिष्ठजनों के साथ सुनना है। प्रत्येक मंडल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश या नगर से तय वक्ता शामिल होंगे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लेकर कार्य कर रहे हैं, केंद्रीय बजट में उसी की झलक दिखाई देगी। इस अवसर पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दीपक जैन टीनू, महामंत्री सुधीर कोल्हे, महेश कुकरेजा, कैलाश पिपले, एमआईसी सदस्य निरंजन सिंह चौहान, अश्विनी शुक्ल, मनीष शर्मा मामा, राकेश जैन, राजेश उदावत, अभिषेक बबलू शर्मा, हरप्रीत सिंह बक्शी, वासुदेव पाटीदार, राकेश शर्मा, भूपेंद्र केसरी, भारत पारख, गौतम शर्मा, दीपेन्द्र सिंह सोलंकी, दीप्ति हाडा, कंचन गिदवानी, महामंत्री सुधीर कोल्हे, कैलाश पिपले, महेश कुकरेजा, अजय शर्मा पप्पू, नेहा शर्मा, मंजू ठाकुर, इंदु श्रीवास्तव, गुलशन यादव, नारायण पालीवाल, स्वाति कशीद, सचिन बंसल, विशाल यादव, वरुण पाल, हेमराज वाडिया, गोविंद पंवार, आकाश गर्ग रानू , नितिन शर्मा, रितेश शर्मा, दीपांश खण्डेलवाल, राजा कोठारी, दीपेश पचोरी, सुखविंदर मन्नी भाटिया, सौरभ खण्डेलवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अल्पायु में हृदयाघात के कारणों को समझें सहजयोग ध्यान (आध्यात्मिक विज्ञान) द्वारा



आजकल युवाओं सहित सभी आयु वर्ग में हृदयघात (Heart Attack) के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, डाक्टर्स के अनुसार इसका मुख्य कारण गतिहीन जीवनशैली, अस्वास्थ्यकर आहार, अत्यधिक तनाव, धूम्रपान, और नींद की कमी हैं। साथ ही, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा और अनुवांशिक कारण भी इसमें बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। आध्यात्मिक दृष्टिकोण से विचार करें तो हृदय चक्र सर्वाधिक महत्वपूर्ण चक्र है क्योंकि यह आरोग्यदायी और चैतन्यमय व्यक्तित्व का मूल है। हमारी आत्मा शिवस्वरुप में हमारे हृदय में है, जिसका प्रतिबिंब हमारे मस्तिष्क क्षेत्र यानि सहस्त्रार तक है। हमारे सुक्ष्म शरीर में हृदय अनाहत चक्र से जुड़ा हुआ है, जो हमारे शरीर का चौथा चक्र है जो प्रेम, करुणा और आत्म-प्रेम की भावनाओं को नियंत्रित करता है। हम यह जानने का प्रयास करते हैं कि किस प्रकार सहजयोग विद्या का आध्यात्मिक साइंस हृदय की कार्य प्रणाली व हृदय की अस्वस्थता के कारण को स्पष्ट करता है। हम सभी जानते हैं हृदय में चार वाल्व हैं। सहज योग के अनुसार चार सुक्ष्म नाड़ियां है:- पहली नाड़ी मूलाधार चक्र तक जाती है जो हमारे सुक्ष्म शरीर का प्रथम चक्र है, और रीढ़ की हड्डी के नीचे स्थित है। यह हमारे शरीर का मूल आधार है, आध्यात्म के अनुसार मूलाधार चक्र में श्री गणेश का स्थान है जो पवित्रता और अबोधिता का गुण लिये हुए हैं तथा सदैव बाल स्वरूप में हैं। सहजयोग प्रणेता परमपूज्य श्री माताजी ने बताया है इस चक्र के नीचे नरक का द्वार है। अपवित्र, अमर्यादित और अनैतिकता वाले व्यक्ति अपनी गंदी प्रवृत्ति के कारण नरक के पात्र बन जाते हैं। हृदय की दूसरी नाड़ी हमारी इच्छा को पूर्ण करती है। यह इच्छा भौतिक हो या भावनात्मक इसका मर्यादा में होना आवश्यक है, अन्यथा व्यक्ति का पतन निश्चित है।

# मीडिया मंच से क्रिकेट के मैदान तक: सज्जन-विजयवर्गीय की माइक जुगलबंदी और हंसी-मज़ाक से बढ़ी राजनीतिक हलचल

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में आयोजित मीडिया सीरीज़ सीज़न-15 का मंच हाल ही में अकादमिक चर्चा से हटकर राजनीतिक रंग में रंगता नजर आया। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आमने-सामने आए, और मीडिया की भूमिका पर केंद्रित इस कार्यक्रम में माइक हाथ में आते ही माहौल सियासी बहस जैसा हो गया। कार्यक्रम के दौरान सज्जन सिंह वर्मा ने मुस्कुराते हुए कहा–कैलाश विजयवर्गीय तो चौके-छक्के मारते नजर आ रहे हैं। इस पर सभागार में ठहाके गूंज उठे। जवाब में कैलाश विजयवर्गीय ने हल्के अंदाज़ में पलटवार किया–आप बॉल डालेंगे तो मैं क्लीन बोल्ड हो जाऊंगा।' दोनों नेताओं के इस संवाद ने मंच को कुछ पल के लिए पूरी तरह राजनीतिक बना दिया। हालांकि बातचीत का लहजा हल्का-



फुल्का था, लेकिन नेताओं की बॉडी लैंग्वेज, मुस्कुराहट और शब्दों की टाइमिंग ने संकेत दिया कि यह केवल मज़ाक नहीं था। जिस मंच पर मीडिया की भूमिका और जिम्मेदारियों पर विमर्श होना था, वहीं राजनीति की पिच भी अनायास तैयार होती दिखी। इस 'माइक जुगलबंदी' ने सियासी गलियारों में चर्चा तेज कर दी और सवाल उठे कि क्या यह केवल मंचीय विनोद था या आने वाले राजनीतिक समीकरणों की झलक। इसी क्रम में क्रिकेट के मैदान पर भी दोनों नेताओं के बीच हंसी-मज़ाक देखने को मिला। निजी शैक्षणिक संस्थान में आयोजित कार्यक्रम के दो दिन बाद, जब मंत्री विजयवर्गीय मैदान में पहुंचे, सज्जन सिंह वर्मा ने माइक उठाकर उनका स्वागत किया और मजाकिया अंदाज़ में कहा कि लोग इंतजार कर रहे हैं कि आपकी बैटिंग में चौका, छक्का और अठ्ठा कब आएगा। जवाब में विजयवर्गीय ने कहा, आप बॉल डालेंगे तो मैं क्लीन बोल्ड हो जाऊंगा। इसके बाद उन्होंने बल्ला थामा और बल्लेबाजी शुरू की। यह हल्का-फुल्का ह्यूमर और क्रिकेट का मंच राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया। विशेषज्ञों का कहना है कि भले ही चुनावी मौसम अभी दूर हो, लेकिन दोनों नेताओं की यह बातचीत और तंज भविष्य के राजनीतिक वार्म-अप की झलक के रूप में देखी जा रही है।

# गांधी प्रतिमा पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा, भागीरथपुरा पीड़ितों के लिए न्याय का ऐलान

**इंदौर।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर रीगल तिराहे पर स्थित गांधी प्रतिमा पर इंदौर शहर कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भागीरथपुरा के दूषित जल पीने से प्रभावित पीड़ितों को न्याय दिलाने का ऐलान किया। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस इस मामले में पूरी लड़ाई लड़ेगी और यह अहिंसा के रास्ते पर सबसे बड़ा संदेश भी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर समस्या का समाधान हिंसा से नहीं, बल्कि अहिंसा और संघर्ष से ही संभव है। कार्यक्रम के दौरान पटवारी ने भाजपा सरकार पर हिंसा फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि सभी को गांधी जी के विचारों और अहिंसात्मक मार्ग का पालन करना चाहिए। उन्होंने भागीरथपुरा में हुई गंदे पानी से हुई मौतों का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इंदौर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने महात्मा गांधी के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी जी ने देश की आजादी के लिए अहिंसात्मक आंदोलन चलाया और स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने चरखा चलाकर और विदेशी सामान की होली जलाकर देशवासियों को सादगी, प्रेम और सेवा के आदर्शों से जोड़ा। कार्यक्रम में सर्वधर्म प्रार्थना सभा भी आयोजित की गई, जिसमें गायत्री परिवार की ओर से राजेंद्र पंडित, सिख समाज से ज्ञानी हर प्रताप सिंह और ज्ञानी महेंद्र सिंह, मुस्लिम समाज से सफीक उर रहमान खान, तथा ईसाई समाज से यशवंत नेतराम शामिल हुए। सभा में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें राजा चौकसे, राजेश चौकसे, शैलेश गर्ग, इम्तियाज बेलिम, प्रवेश यादव, दीपू यादव, महिला कांग्रेस की सोनाली मिमरोट, किरण जीरेती, देवेंद्र सिंह यादव, अमित चौरसिया, जीतू दीवान और शैलू सेन प्रमुख थे। सभा का संचालन संजय बाकलीवाल ने किया।



# तुकोगंज पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी गैंग पकड़ी, दो आरोपी व एक नाबालिग गिरफ्तार, 14 लाख की 13 मोटरसाइकिल जब्त

**इंदौर।** तुकोगंज थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दोपहिया वाहन चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने दो आरोपियों और उनके एक नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर करीब 14 लाख रुपये मूल्य की 13 चोरी की मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। यह कार्रवाई डीसीपी जोन-03 राजेश व्यास एवं एडीसीपी रामसनेही मिश्रा के मार्गदर्शन तथा एसीपी कोतवाली विनोद दीक्षित के निर्देशन में थाना प्रभारी तुकोगंज जितेंद्र सिंह यादव और उनकी टीम द्वारा 29 जनवरी 2026 को की गई। पुलिस को संदिग्धों की चेकिंग के दौरान बीमा ऑफिस परिसर में एक युवक बुलेट मोटरसाइकिल पर



संदिग्ध अवस्था में बैठा मिला। पूछताछ में वाहन के कागजात और नंबर प्लेट की जांच की गई तो नंबर प्लेट फर्जी पाई गई। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों तुकोगंज, विजयनगर, एमआईजी और एमजी रोड से दोपहिया वाहन चोरी करना कबूल किया। इसके बाद पुलिस ने गैंग के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 13 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कीं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नए और कीमती वाहनों की पहले रेकी करते थे और फिर मौका मिलते ही वाहन चोरी कर लेते थे। चोरी किए गए वाहनों को वे शहर के सुनसान स्थानों जैसे बीमा ऑफिस की पार्किंग, पलासिया मस्जिद के पीछे का इलाका, राजकुमार ब्रिज के नीचे और बल्लभनगर निगम मार्केट क्षेत्र में छिपाकर रखते थे और बाद में एक-एक कर उन्हें वहां से ले जाते थे। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहित जैनवाल (23 वर्ष) निवासी पंचम की फेल, इंदौर और प्रशांत मरमट (18 वर्ष) निवासी पंचम की फेल, इंदौर के रूप में की है, जबकि उनके साथ शामिल एक विधि विरुद्ध बालक को भी अभिरक्षा में लिया गया है। बरामद सभी मोटरसाइकिलों के संबंध में संबंधित थाना क्षेत्रों को सूचना दी जा रही है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# इंदौर में दिशा समिति की बैठक: अमृत 2.0 योजना की समीक्षा, स्वच्छ पानी पहुंचाने के निर्देश



**इंदौर।** सांसद शंकर लालवानी की अध्यक्षता में इंदौर कलेक्टर कार्यालय में आज दिशा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल और सभी विभागों के प्रमुख उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में चल रही अमृत 2.0 योजना के कार्यों की समीक्षा करना और आगामी योजनाओं को सुनिश्चित करना था। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ग्रामीण और शहरी इलाकों में पानी की लाइन और ड्रेनेज सिस्टम को अलग-अलग स्थापित किया जाए। साथ ही पुराने सभी पानी और ड्रेनेज की लाइन को हटाने के आदेश दिए गए। सांसद शंकर लालवानी ने अधिकारियों को विशेष रूप से कहा कि आम लोगों तक साफ और स्वच्छ पानी सुनिश्चित रूप से पहुंचे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि अब शहर की अवैध कॉलोनियों और ऐसे इलाकों में जहां का पानी पीने योग्य नहीं है, बड़े बोर्ड लगाकर आम लोगों को जानकारी दी जाएगी। इससे लोग इन कॉलोनियों में मकान खरीदने से बचेंगे और उनके स्वास्थ्य पर विपरीत असर नहीं पड़ेगा। बैठक में अमृत योजना के पहले चरण के कामों का भी आकलन किया गया और आगामी कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। अधिकारियों ने योजना की प्रगति और आने वाली चुनौतियों पर भी विस्तार से चर्चा की।



# आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने को लेकर होटल रेडिशन में इंदौर पुलिस की मॉक ड्रिल

**इंदौर।** शहर की सुरक्षा व्यवस्था और विभिन्न आयोजनों को ध्यान में रखते हुए इंदौर पुलिस द्वारा पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर के निर्देशन में महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा तैयारियों की लगातार जांच की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त (आसूचना एवं सुरक्षा) राजेश व्यास तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा) प्रमोद सोनकर के मार्गदर्शन में इंदौर पुलिस की सुरक्षा शाखा और बीडीडीएस टीम द्वारा होटल रेडिशन, इंदौर में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान बीडीडीएस प्रभारी खालिद मुश्ताक और थाना प्रभारी विजय नगर चंद्रकांत पटेल के निर्देशन में विजय नगर पुलिस, बीडीडीएस टीम और होटल के सुरक्षा स्टाफ ने संयुक्त रूप से अभ्यास किया। इस दौरान लावारिस या संदिग्ध (विस्फोटक सामग्री वाली) वस्तु मिलने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई, क्षेत्र को सुरक्षित करने, लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और समन्वय के साथ स्थिति को नियंत्रित करने की प्रक्रिया का जीवंत अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों ने होटल के सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की और स्टाफ से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# मोटर स्पोर्ट्स इवेंट 'रैली ऑफ द हाइलैंड्स' का आगाज, देश-विदेश की टीमें और ड्राइवर शामिल

**इंदौर।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से इंडियन नेशनल रैली चैम्पियनशिप (आईएनआरसी) का तीन दिवसीय रैली ऑफ द हाइलैंड्स का पीथमपुर स्थित नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक (नैट्रैक्स) में आगाज हो गया। इंदौर में यह तीन दिवसीय आयोजन पहली बार हो रहा है जिसकी शुरुआत 30 जनवरी से हुई जो 1 फरवरी तक चलेगा। केंद्रीय भारत मोटर स्पोर्ट्स के इतिहास में एक नई शुरूआत है। इंदौर राउंड 2026 चैम्पियनशिप में 40–50 शीर्ष रैली टीमें और ड्राइवर शामिल हैं, जो देश के विभिन्न राज्यों के मोटर स्पोर्ट्स क्लबों का प्रतिनिधित्व करेंगे। आयोजन में विदेशी ड्राइवरों एवं पंजीकृत रैली वाहनों की भी भागीदारी है। यह जानकारी आज इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में आईएनआरसी इंदौर राउंड 2026 के आयोजक एवं अंजनी एडवेंचर्स के संस्थापक निलेश कुमरावत ने दी। श्री कुमरावत ने बताया कि मोटर स्पोर्ट्स इवेंट के लिए पीथमपुर स्थित नेट्रैक्स में 40 किलोमीटर लंबा प्रतिस्पर्धात्मक रैली ट्रैक विकसित किया गया है, जो सबसे लंबा और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण रैली ट्रैक है।

# चर्चित भदरसा दुष्कर्म कांड में आरोपित राजू खान को 20 साल का कठोर कारावास, भरना होगा 50 हजार का हर्जाना

भदरसा के नाबालिग से दुष्कर्म प्रकरण में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट प्रथम ने गुरुवार को दोषी राजू खान (21 वर्ष) को धारा 5जी (जे)(ii) 1/6 पाक्सो एक्ट के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई तथा 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। न्यायालय के आदेशानुसार दुष्कर्म एवं पाक्सो की सजा को समायोजित कर दिया गया है। अर्थदंड की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में दी जाएगी। सजा सुनाए जाने के बाद दुष्कर्मी राजू खान को गुरुवार को कड़ी सुरक्षा में जिला कारागार वापस भेज दिया गया। न्यायालय ने सह आरोपित व सपा नेता मोईद अहमद को बुधवार को दोषमुक्त कर दिया था। इसी के साथ ही उसकी रिहाई का आदेश जेल भेज दिया गया है।

## वित्तीय चुनौतियां... सिंहस्थ के लिए 20 हजार करोड़ की दरकार

# कर्ज के बोझ तले दबी प्रदेश सरकार आम बजट पर उम्मीद की निगाहें

साढ़े चार लाख करोड़ रुपए के कर्ज के बोझ तले दबी मध्य प्रदेश सरकार एक बार फिर केंद्र सरकार के आम बजट से बड़ी उम्मीदें लगाए बैठी है। आम बजट के लिए मप्र सरकार ने अपनी वित्तीय जरूरतों की एक लंबी सूची रखी है। इसमें सबसे प्रमुख मांग 2028 में उज्जैन में होने वाले विश्व प्रसिद्ध सिंहस्थ के लिए 20 हजार करोड़ रुपए का विशेष पैकेज है। इसके साथ ही राज्य ने अपनी कर्ज लेने की सीमा बढ़ाने और जल जीवन मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के हजारों करोड़ के बकाया को चुकाने की गुहार भी लगाई है। बता दें कि राज्य के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर राज्य की जरूरतों का एक विस्तृत ड्राफ्ट सौंपा है । यह ड्राफ्ट न केवल राज्य की वित्तीय चुनौतियों को दर्शाता है, बल्कि आने वाले वर्षों के लिए उसकी विकास योजनाओं की रूपरेखा भी प्रस्तुत करता है।




### केंद्रीय करों में चाहिए ज्यादा हिस्सेदारी

मध्य प्रदेश की वित्तीय उम्मीदें काफी हद तक 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों पर टिकी हुई हैं। वर्तमान में केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी 7.85% है, जिससे प्रदेश को लगभग 1 लाख 11 हजार करोड़ रुपए मिलते हैं। राज्य सरकार ने अपनी बढ़ती जरूरतों और भौगोलिक विस्तार का हवाला देते हुए इस हिस्सेदारी में 10% बढ़ोतरी की मांग की है। अगर केंद्र इस मांग को स्वीकार करता है तो मध्य प्रदेश को केंद्रीय करों से लगभग 1.22 लाख करोड़ रुपए मिल सकते हैं।

**सिंहस्थ के लिए मांग रहे हैं विशेष पैकेज:** 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ के लिए प्रदेश सरकार ने केंद्र से 20 हजार करोड़ रुपए के विशेष पैकेज की मांग की है। उज्जैन और उसके आसपास के क्षेत्रों में सड़कों, घाटों, पुल-पुलिया, अस्पतालों और यात्रियों के लिए ठहरने के स्थलों का निर्माण किया जाना है।


### कर्ज की सीमा बढ़ाने की गुहार

प्रदेश कर्ज के बढ़ते बोझ से जूझ रहा है। एक अप्रैल 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक यानी केवल 9 महीनों में मोहन सरकार 53,100 करोड़ रुपए का कर्ज ले चुकी है। राज्य पर कुल कर्ज का आंकड़ा साढ़े चार लाख करोड़ रुपए को पार कर चुका है। इस स्थिति के बावजूद सरकार ने केंद्र से कर्ज लेने की सीमा बढ़ाने की मांग की है। इसके पीछे एक तकनीकी कारण भी है। सरकार का कहना है कि 15वें वित्त आयोग की गणना के आधार पर मध्य प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 16 लाख 94 हजार करोड़ रुपए है, लेकिन केंद्र सरकार कर्ज की सीमा की गणना के लिए आकलन 15 लाख 44 हजार करोड़ रुपए पर कर रही है। इस अंतर के कारण राज्य अपनी क्षमता के अनुसार कर्ज नहीं ले पा रहा है। बढ़ते कर्ज पर विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने पहले भी स्पष्ट किया था कि यह पैसा पूंजीगत व्यय, यानी सड़कों, बांधों और अन्य बुनियादी ढांचों के निर्माण पर खर्च हो रहा है। उन्होंने इसे 'कर्ज नहीं, बल्कि भविष्य के लिए निवेश' बताया था।

## 15.62 लाख करोड़ रुपये डूबे

# क्रिप्टो मार्केट कैप में भारी गिरावट से निवेशकों का निकला दिवाला

**नईदिल्ली।** क्रिप्टोकरेंसी मार्केट आज क्रैश हो गया। 24 घंटे में क्रिप्टो मार्केट कैप में 5 फीसदी से ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। वहीं बिटकॉइन और इथेरियम समेत कई क्रिप्टो करंसी 6 फीसदी से ज्यादा लुढ़क गईं। इसकी वजह से 24 घंटे में क्रिप्टो निवेशकों के 15.62 लाख करोड़ रुपये डूब गए। सुबह करीब 10.30 बजे क्रिप्टो मार्केट कैप 5.42 फीसदी की गिरावट के साथ 2.82 ट्रिलियन डॉलर पर कारोबार कर रहा था। इस गिरावट का असर सभी प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी पर दिखाई दिया। बिटकॉइन करीब 6 फीसदी की गिरावट के साथ 82,835 डॉलर पर कारोबार कर रही थी। पिछले एक हफ्ते में इसमें 7 फीसदी से ज्यादा गिरावट आई है। वहीं इथेरियम पिछले 24 घंटे में 6 फीसदी से ज्यादा लुढ़क गई है। यह करीब 2740 डॉलर पर कारोबार कर रही है। क्रिप्टो मार्केट में बड़ी गिरावट से केंटन क्रिप्टो कॉइन पर कोई असर नहीं पड़ा। बल्कि इसमें आश्चर्यजनक रूप से करीब 6 फीसदी की तेजी आई। इस तेजी के यह 0.1722 डॉलर पर कारोबार कर रही थी। पिछले एक हफ्ते में यह 20 फीसदी से ज्यादा उछल गई है। वहीं एक महीने का इसका रिटर्न करीब 16 फीसदी रहा है। क्रिप्टो मार्केट में काफी लंबे समय में कोई बड़ा सुधार नहीं हुआ है। ऐसे में निवेशकों में डर का माहौल है।



## स्कूली वाहन पर पलटा ट्रक, 19 बच्चे दबे

**लखीमपुर, एजेंसी**

बच्चों को स्कूल से घर छोड़ने जा रहे वाहन (बोलेरो) पर गन्ने से भरा ट्रक पलट गया। इससे बोलेरो में सवार 19 बच्चे दब गए, घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों से लेकर आसपास के दुकानदारों ने कड़ी मशक्कत कर सभी बच्चों सहित चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस हादसे में एक बच्चा घायल हुआ है। एहेतियातन सभी बच्चों को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया गया, जहां पर सबकी जांच और प्राथमिक उपचार मुहैया कराकर घर भिजवा दिया गया। उधर, हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक से लेकर तहसील और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी।

## वानिकी सम्मेलन और आईएफएस मीट शुरू



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज प्रशासन अकादमी में वानिकी सम्मेलन और भारतीय वन सेवा मीट-2026 का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

# देश की निचली अदालतों में 46 फीसदी जज रिजर्व कैटेगरी से

## तमिलनाडु में संख्या करीब 98 फीसदी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

देश भर की निचली अदालतों में आरक्षित श्रेणी वाले जजों की संख्या सामने आ गई है, जो कि कुल संख्या के लगभग आधी है। राज्यसभा में केंद्र सरकार ने लोअर जुडिशरी में आरक्षित श्रेणी के जजों की संख्या को लेकर अलग-अलग राज्यों का ब्योरा दिया है।

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने उच्च सदन को बताया कि भारत में निचली अदालतों में काम करने वाले जजों की संख्या अभी 20,833 है, जिनमें से करीब 46 प्रतिशत जज आरक्षित वर्गों के हैं। इनमें तमिलनाडु ऐसा राज्य है जहां अधिकांश जज रिजर्व कैटेगरी से ही हैं। तमिलनाडु में लोअर जुडिशरी में जजों की कुल संख्या 1,234 है, जिनमें से 1,205 (97.6 फीसदी) आरक्षित श्रेणी या ओबीसी, एससी, एसटी के हैं। मतलब तमिलनाडु देश का ऐसा राज्य है, जहां जिला और अधिनस्थ अदालतों में 100 में से करीब 98 जज आरक्षित श्रेणी से आते हैं। बगल के केंद्र शासित प्रदेश पुडिचेरी में भी स्थिति लगभग ऐसी है, जहां कुल 88.5 फीसदी रिजर्व कैटेगरी के हैं।



कानून मंत्री का कहना है कि संविधान में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में नियुक्तियों के लिए किसी वर्ग या जाति के व्यक्ति की नियुक्ति की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने राज्यसभा में कहा कि यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों में किसी भी जाति या वर्ग के लोगों के प्रतिनिधित्व से संबंधित श्रेणी-आधारित आंकड़े केंद्र सरकार के पास उपलब्ध नहीं हैं।

### नई व्यवस्था से सामने आने लगे आंकड़े

2018 से यह व्यवस्था है कि हाई कोर्ट के जजों के पद के लिए सिफारिश किए गए लोगों के बारे में एक तय फॉर्मेट में (सुप्रीम कोर्ट की सलाह से तैयार किया गया है) उनके सोशल बैकग्राउंड के बारे में जानकारी देनी होती है। इस तरह की सिफारिशों के आधार पर जो नियुक्तियां हुईं, उनमें 2018 से अबतक के बीच 847 जज शामिल हैं। इनमें से 104 ओबीसी, 33 अनुसूचित जाति, 17 अनुसूचित जनजाति और 46 अल्पसंख्यक श्रेणी से लिए गए हैं। इस दौरान 130 महिलाओं को भी हाई कोर्ट का जज बनाया गया है।

## यूपी सरकार पर अविमुक्तेश्वरानंद के तीखे तेवर

# मैंने शंकराचार्य होने का प्रमाण दिया, अब सीएम योगी सिद्ध करें कि वे गौ-भक्त हैं

**वाराणसी. एजेंसी**



प्रयागराज माघ मेला छोड़ने के बाद शंकराचार्य सरकार पर तीखे हमले कर रहे हैं। उन्होंने आज वाराणसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- मुझसे शंकराचार्य होने का प्रमाण पत्र मांगा गया। मैंने वह दे दिया। मेरे प्रमाण सच्चे थे, इसलिए उन्हें मानना पड़ा। अब प्रमाण मांगने का समय पीछे छूट गया। अब मुख्यमंत्री को अपने हिंदू होने का प्रमाण देना चाहिए।

उन्होंने कहा-कि हम आपको 40 दिन का समय दे रहे हैं इन दिनों में आप अपने गो-भक्त होने का प्रमाण दीजिए। अगर आप यह प्रमाण नहीं दे पाते, तो समझा जाएगा कि आप नकली हिंदू, कालनेमि, पाखंडी और ढोंगी हैं। सिर्फ दिखावे के लिए आपने गेरुआ वस्त्र धारण किया है। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि मुख्यमंत्री और जगदुरु रामभद्राचार्य इस समय घेरा बनाकर गोहत्या बंदी की मांग करने वालों पर तरह-तरह के हमले कर रहे हैं। अगर आप सच में हिंदू हैं, तो गऊ माता को राज्य माता घोषित करें। उत्तर प्रदेश से गोमांस का निर्यात बंद करें, नहीं तो भगवा चोला उतार दीजिए। शंकराचार्य ने कहा 10-11 मार्च को लखनऊ में सभी संत-महंत और आचार्य एकत्र होंगे।

# भोपाल का पारा 9.8° 10 दिनों बाद सबसे कम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। ओले-बारिश का दौर थमने के बाद ठंड और कोहरे का असर तेज हो गया है। राजधानी भोपाल में पिछले 10 दिनों से ठंड में मामूली राहत के बाद आज फिर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम 9.8 डिग्री दर्ज किया गया। गौरतलब है कि 20 जनवरी को यह 9.8 डिग्री ही था। वहीं प्रदेश की बात की जाए तो आज सुबह सतना में घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी घटकर महज 50 मीटर रह गई। हालात ऐसे थे कि कुछ ही दूरी पर दिखाई देना मुश्किल हो गया, वहीं रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। ग्वालियर समेत प्रदेश के 19 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। राजगढ़ प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां पारा 3 डिग्री तक पहुंच गया। अगले 3 दिनों में सूबे के कई जिलों में बारिश और कोहरे की संभावना है।

# ठंडे बस्ते में गई डॉन 3

# अब तीन हसीनाओं संग जिंदगी जीने निकले फरहान अख्तर

फिल्ममेकर और एक्टर फरहान अख्तर ने अपनी मचअवेटेड फिल्म डॉन 3 को फिलहाल ठंडे बस्ते में डालने का फैसला किया है। अब फरहान का पूरा ध्यान अपने ड्रीम प्रोजेक्ट कैटरीना, आलिया और प्रियंका चोपड़ा स्टारर %जी ले जरा% पर है। इसके पीछे की वजह ये है कि फरहान नहीं चाहते कि %डॉन% जैसी आइकॉनिक फ्रेंचाइजी के लिए कास्टिंग में कोई भी जल्दबाजी की जाए, इसलिए उन्होंने सही चेहरे की तलाश के लिए वक्त लेने का मन बनाया है और अपनी पूरी एनर्जी रोड-ट्रिप फिल्म पर लगा दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म से जुड़े करीबी सूत्रों का कहना है कि फरहान को लगता है कि डॉन 3 में रोल के लिए सही एक्टर का चुनाव सबसे अहम कड़ी है।



वह किसी भी दबाव में आकर गलत फैसला नहीं लेना चाहते। डॉन 3 के लिए कास्टिंग का प्रोसेस काफी लंबा और पेचीदा हो सकता है, और यही वजह है कि उन्होंने फिलहाल इस प्रोजेक्ट से ब्रेक ले लिया है। वह चाहते हैं कि जब भी यह फिल्म फ्लोर पर आए, तो लीड एक्टर ऐसा हो जो इस लेगेसी को सही तरीके से आगे ले जा सके।

**जी ले जरा पर काम शुरू!**- डॉन 3 पर काम रुकने के साथ ही फरहान ने अपने सबसे अहम प्रोजेक्ट जी ले जरा की फाइलें फिर से खोल दी हैं। प्रियंका चोपड़ा, कैटरीना कैफ और आलिया भट्ट जैसे बड़े नामों से सजी इस फिल्म का इंतजार फैंस सालों से कर रहे हैं। अब लंबे समय तक खामोशी के बाद, फरहान ने एक बार फिर इन तीनों लीड एक्ट्रेसेस के साथ बातचीत का सिलसिला शुरू कर दिया है। सोर्स के मुताबिक फरहान के लिए यह फिल्म हमेशा से दिल के करीब रही है और अब उन्हें लगता है कि इसे आगे बढ़ाने का यही सबसे सही समय है।

## समय मिलते ही शूटिंग होगी शुरू

इस समय प्रियंका, कैटरीना और आलिया, तीनों ही अपने-अपने प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। हालांकि, ताजा अपडेट यह है कि अगर सब कुछ प्लान के अनुसार रहा और तीनों की डेट्स मैच हो गईं, तो फिल्म 2026 के दूसरे हाफ में शुरू हो सकती है। क्रिएटिव तौर पर फिल्म की टीम पूरी तरह तैयार है, बस अब मामला शेड्यूल को सही तरीके से मैनेज करने पर टिका है। वहीं जी ले जरा की स्क्रिप्ट काफी समय पहले ही लॉक हो चुकी है।

# महिलाओं को लेकर दिए बयान पर ट्रोल हुईं रानी, फूटा यूजर्स का गुस्सा

**अभिनेत्री रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। एक्ट्रेस इन दिनों इस फिल्म के प्रमोशन में काफी व्यस्त हैं। पिछले दिनों जब फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ तब रानी को फैंस समेत सेलेब्स का भी खूब प्यार मिला था। अब हाल ही में रानी ने महिलाओं को लेकर ऐसा बयान दिया जो फैंस को कुछ खास पसंद नहीं आया। जानें उन्होंने क्या कहा?**

बॉलीवुड हंगामा को दिए एक इंटरव्यू में रानी आम घरों में महिलाओं की स्थिती पर बात कर रहीं थीं। इस दौरान उन्होंने कहा, एक घर में रहने वाले जोड़े के बीच बराबरी होनी चाहिए। अगर पुरुष अपनी आवाज तेज कर सकता है ? तो महिलाओं को भी चिल्ला कर बात करनी चाहिए। अक्सर बेटे का व्यवहार उसके पिता पर आधारित होता है। जिस तरह उसके पिता उसकी मां के साथ व्यवहार करेंगे वैसा ही वो करेगा। अगर पिता का व्यवहार मां के साथ अच्छा होगा तो वो आगे जाकर समाज में भी लड़कियों के साथ भी अच्छा ही व्यवहार करेगा। ये सब कुछ हमारे घर से शुरू होता है। वहीं एक और यूजर ने कमेंट किया, यह किस तरह का व्यवहार है? अगर रानी पुरानी पीढ़ी की हैं तो इसका मतलब ये नहीं कि वो कुछ भी कह सकती हैं।



**स्कूल में रानी ने लड़के को मारा था थप्पड़**- अभिनेत्री ने इस इंटरव्यू में अपने बचपन का एक किस्सा भी साझा किया। उन्होंने कहा, अपने जीवन में मैंने सिर्फ एक बार किसी को थप्पड़ मारा है। मैंने स्कूल के दिनों में एक लड़के को उसके व्यवहार के लिए सबक सिखाया था। उस लड़के को छोड़कर बाकी के सारे लड़के मेरे दोस्त थे। अब आप ये मेरे पति से मत पूछना कि उनके साथ मैं घर पर क्या करती हूं?

# 50 की उम्र तक बंद नहीं हुए पीरियड्स तो न करो चिंता, लेट मेनोपॉज आपके दिल के लिए है सेफ

मेनोपॉज आना यानि महिलाओं में पीरियड्स बंद हो जाना जो कि एक आम समस्या है। कुछ महिलाओं में मेनोपॉज देर से आते हैं तो कुछ में जल्दी आते हैं। मेनोपॉज आना यानि महिलाओं में पीरियड्स बंद हो जाने। इस दौरान शरीर में कई तरह के बदलाव देखे जाते हैं। हाल ही में एक अध्ययन में पाया गया है कि देरी से मेनोपॉज आने से महिलाओं की रक्त वाहिकाएं स्वस्थ होती हैं, जिससे हृदय रोग का जोखिम कम हो जाता है।

### इन महिलाओं को स्ट्रोक होने की संभावना काफी कम

महिलाओं को अपने जीवन के अधिकांश समय में पुरुषों की तुलना में दिल का दौरा या स्ट्रोक से मरने की संभावना कम होती है, लेकिन अध्ययनों से पता चला है कि रजोनिवृत्ति के बाद उनका जोखिम बढ़ जाता है और पुरुषों के जोखिम से आगे निकल जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन जर्नल सर्कुलेशन रिसर्च में प्रकाशित अध्ययन इस बात की नई जानकारी देता है कि 55 वर्ष या उसके बाद मासिक धर्म बंद करने वाली महिलाओं को रजोनिवृत्ति के बाद के वर्षों में दिल का दौरा और स्ट्रोक होने की संभावना काफी कम होती है।

### स्ट्रोक होने की संभावना कम

अमेरिका में कोलोराडो बोल्डर विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए निष्कर्षों से पता चला है कि रजोनिवृत्ति के वास्तव में एक शारीरिक लाभ है। टीम ने अमेरिका में 92 महिलाओं के संवहनी स्वास्थ्य का आकलन किया।

# 37 साल में पहली बार

## गैडेकी और पीयर्स ने ऑस्ट्रेलियन ओपन मिक्स्ड डबल्स जीतकर रचा इतिहास



**मेलबर्न (एजेंसी)।** होमटाउन वाइल्डकार्ड ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स शुक्रवार को यहां 37 साल में ऑस्ट्रेलियन ओपन मिक्स्ड डबल्स का खिताब बचाने वाली पहली जोड़ी बन गई है। घरेलू पसंदीदा जोड़ी ने रॉड लेवर एरिना में फ्रेंच जोड़ी क्रिस्टीना म्लाडेनोविक और मैनुअल गिनार्ड को 4-6, 6-3, 10-8 से हराया। गैडेकी और पीयर्स 1988-89 में जाना नोवोत्ना और जिम पुघ के बाद लगातार एओ मिक्स्ड डबल्स खिताब जीतने वाली पहली जोड़ी बन गई। वे 1963-64 में मार्गरिट कोर्ट और केन फ्लेचर के बाद अपने घरेलू स्लैम में लगातार खिताब जीतने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई भी बन गए।

गैडेकी ने ट्रॉफी सेरेमनी में कहा, मुझे ठीक से नहीं पता कि कहां से शुरू करूं। मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि हम अभी इस स्थिति में हैं। मुझे पता था कि हम यह कर सकते हैं, लेकिन मुझे नहीं लगा था कि हम सच में ऐसा कर पाएंगे, आप समझ रहे हैं कि मेरा क्या मतलब है। यह पीयर्स का तीसरा ग्रैंड स्लैम मिक्स्ड डबल्स खिताब था। उन्होंने 2022 में स्टॉर्म सैंडर्स के साथ र ओपन भी जीता था। उन्होंने 2017 में फिनलैंड के हेनरी कोंटिनेन के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष डबल्स जीता था और मैथ्यू एब्डेन के साथ जोड़ी बनाकर 2024 पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था।

इस बीच यह डब्ल्यूटीए स्टार गैडेकी का दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब था, जो उन्होंने 2025 में पीयर्स के साथ मेलबर्न पार्क में जीता था। गैडेकी और पीयर्स मुश्किल में दिख रहे थे जब वे मैच टाईब्रेक में 5-7 से पीछे हो गए, लेकिन फिर उन्होंने आखिरी छह में से पांच पॉइंट जीते। गैडेकी खास तौर पर मुश्किल समय में ग्राउंड से बहुत मजबूत थीं, जबकि फ्रेंच जोड़ी फिनिश लाइन के करीब आने पर दबाव में आ गई।

ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी 8-7 से आगे हो गई जब म्लाडेनोविक ने एक लंबा रिटर्न मारा जिसके बाद पीयर्स के जोरदार रिटर्न ने स्कोर 9-7 कर दिया और उन्हें दो चैंपियनशिप पॉइंट मिले। फ्रेंच जोड़ी ने उनमें से एक को बचाया, लेकिन जब पहली बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचे गिनार्ड का पीयर्स की दूसरी सर्व का रिटर्न नेट में जा लगा, तो लगातार दूसरी जीत पक्की हो गई।

# पांचवें टी-20 में सैमसन की फॉर्म और अक्षर की फिटनेस पर नजर, ये हो सकती है प्लेइंग 11



**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** खिताब का प्रबल दावेदार भारत टी20 विश्व कप से पहले शनिवार को यहां जब न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलने के लिए उतरेगा तो उसे उम्मीद रहेगी कि संजू सैमसन अपने घरेलू दर्शकों के सामने फॉर्म में वापसी करने और अक्षर पटेल फिटनेस हासिल करने में सफल रहेंगे। विशाखापत्तनम में खेले गए चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत ने प्रयोग करते हुए पांच मुख्य गेंदबाजों को ही खिलाया तथा ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे से गेंदबाजी नहीं करवाई। भारत यह मैच हार गया था लेकिन इससे श्रृंखला के परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि भारतीय टीम पहले ही इसे अपने नाम कर चुकी थी। जैसा कि श्रृंखला के पिछले मैचों में देखा गया, भारत अपने गेंदबाजी विभाग में एक बार फिर फेरबदल कर सकता है।

भारतीय टीम प्रबंधन पिछले 2 मैचों में आराम देने के बाद मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को मौका दे सकता है। बल्लेबाजी विभाग में शायद ज्यादा बदलाव न हों, लेकिन टीम प्रबंधन सैमसन पर नजर रखेगा। अपनी निर्भीक बल्लेबाजी के लिए मशहूर सैमसन इस श्रृंखला में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उनकी फॉर्म के बजाय उनकी तकनीकी कमजोरी चिंता का विषय है जिससे उनका आत्मविश्वास भी डगमगा गया है। वह सात फरवरी से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे।

सैमसन अब अपने गृह नगर में खेलेंगे और यहां के अपने समर्थकों के सामने शायद वह अपनी खोई हुई लय को फिर से प्राप्त कर लें। टीम के आगमन के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो से यह स्पष्ट हो गया कि वह देश के इस हिस्से में सुपरस्टार हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव को हवाई अड्डे के निकास द्वार पर अपने 'चेट्टा' (बड़े भाई) के लिए मजाक में रास्ता साफ करते हुए देखा गया, जहां सैकड़ों प्रशंसक सैमसन और उनके साथियों की एक झलक पाने के लिए कतार में खड़े थे।

ईशान किशन के रूप में भारतीय टीम के पास सैमसन का मजबूत विकल्प मौजूद है। उन्होंने इस श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन इस विकेटकीपर बल्लेबाज को अज्ञात चोट के कारण पिछले मैच से बाहर बैठना पड़ा था। ऑलराउंडर अक्षर भी नागपुर में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उंगली में चोट लगने के बाद से नहीं खेले हैं। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने विशाखापत्तनम में खेले गए चौथे मैच से पहले नेट पर गेंदबाजी की थी। भारत टी20 विश्व कप में अपना पहला मैच सात फरवरी को मुंबई में खेलेगा और वह उससे पहले जीत हासिल करना चाहेगा। इस तरह से देखा जाए तो भारत इस मैच को औपचारिकता नहीं मानेगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ 4-1 की शानदार जीत से शैली, ताकत और गहराई से भरपूर टीम का आत्मविश्वास और भी बढ़ेगा। न्यूजीलैंड की टीम बिल्कुल यह नहीं चाहेगी कि ऐसा हो। उसकी टीम पहले तीन मैचों में वे भारत के आक्रामक रवैये के सामने बेबस नजर आई, लेकिन विशाखापत्तनम में उन्होंने भारत के प्रमुख बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में कामयाबी हासिल की। अभिषेक शर्मा और सूर्यकुमार यादव को आउट करने के बाद, न्यूजीलैंड के गेंदबाज शिवम दुबे की तूफानी बल्लेबाजी के बावजूद बाकी बल्लेबाजों को रोकने में सफल रहे। अब उन्हें पता चल गया है कि यह भारतीय टीम अजेय नहीं है और 3-2 का अंतर उन्हें आगामी बड़े मुकाबलों से पहले मानसिक रूप से मजबूत करेगा।

### संभावित प्लेइंग 11

**भारत**– अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शिवम दुबे, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, जसप्रित बुमरा, वरुण चक्रवर्ती

**न्यूजीलैंड** – डेवोन कॉनवे, टिम सीफर्ट, रचिन रवींद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, डेरिल मिशेल, मिशेल सेंटनर (कप्तान), काइल जैमीसन, मैट हेनरी, ईश सोढ़ी, जैकब डफी।

**समय** – शाम 7 बजे।



# पाकिस्तान अब टी-20 वर्ल्डकप का बायकॉट नहीं करेगा

### टीम 2 फरवरी को कोलंबो पहुंचेगी, बांग्लादेश के सपोर्ट में टूर्नामेंट से हटने की धमकी दी थी

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम अब टी-20 वर्ल्ड कप का बायकॉट नहीं करेगी। मीडिया सूत्रों ने पीसीबी के सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि पाकिस्तानी टीम का शेड्यूल तय हो चुका है। टीम 2 फरवरी को कोलंबो रवाना होगी। इसके साथ ही पाकिस्तान के वर्ल्ड कप से हटने या भारत से ना खेलने के कयासों पर लगभग विराम लग गया है। उम्मीद है कि पीसीबी शुक्रवार को अपने खेलने की पुष्टि कर देगा।

### पाकिस्तान वर्ल्ड कप से क्यों नहीं हट सकता है?

- पीसीबी ने भारत में ना खेलने को लेकर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की सुरक्षा चिंताओं पर पूरा समर्थन जताया है। लेकिन वह ऐसा एक दायरे में रहकर ही करना चाहता है ताकि आईसीसी (इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल) उस पर कोई कार्रवाई भी ना करे।
- बीसीसीआई, पीसीबी और आईसीसी के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता है। इसके तहत 2027 तक आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत-पाकिस्तान के सभी मुकाबले तटस्थ स्थल पर खेले जाएंगे। पीसीबी इस समझौते को नहीं तोड़ सकता है।
- पाकिस्तान का पूरा वर्ल्ड कप शेड्यूल श्रीलंका में है। यहां तक कि अगर टीम फाइनल में पहुंचती है तो फाइनल भी वहीं खेला जाएगा। ऐसे में वह टूर्नामेंट या भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार किस आधार पर करेगा?

# कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट 6 घंटे बंद रहा

### सर्च करने पर लिखा आ रहा था- प्रोफाइल उपलब्ध नहीं, फैंस अनुष्का से वजह पूछ रहे थे



**बंगलूर (एजेंसी)।** विराट कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट गुरुवार रात अचानक बंद हो गया था, जो करीब 6 घंटे बाद फिर से दिखाई देने लगा है। इस दौरान सर्च करने पर उनकी प्रोफाइल नहीं दिख रही थी और डायरेक्ट लिंक से भी अकाउंट नहीं खुल रहा था।

गुरुवार रात करीब 2 बजे विराट कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट बंद होने की खबर सामने आई। हालांकि यह साफ नहीं हो पाया है कि अकाउंट ठीक किस समय बंद हुआ था।

कोहली के अकाउंट को खोलने पर स्क्रीन पर लिखा आ रहा था– यह पेज उपलब्ध नहीं है। उनके इंस्टाग्राम पर 274 मिलियन (27 करोड़ 40 लाख) से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

विराट कोहली का अकाउंट गायब होने के बाद फैंस उनकी पत्नी और बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के पोस्ट पर कमेंट कर के वजह पूछ रहे थे।

इस मामले में अब तक विराट, उनकी मैनेजमेंट टीम या इंस्टाग्राम की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ऐसे में यह साफ नहीं हो पाया है कि अकाउंट को जानबूझकर डीएक्टिवेट किया था या कोई तकनीकी गड़बड़ी थी।

हाल के दिनों में कोहली की सोशल मीडिया गतिविधियां भी सीमित रही हैं। उन्होंने पहले कई प्रमोशनल पोस्ट हटाकर क्रिकेट और परिवार को प्राथमिकता देने के संकेत दिए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कोहली एक प्रमोशनल इंस्टाग्राम पोस्ट के करीब 12 से 14 करोड़ रुपए तक चार्ज करते हैं।

# सोशल मीडिया ने बदली मिथिला पालकर की जिंदगी



लिटिल थिंग्स, कारवां, चॉपस्टिक्स और अन्य फिल्मों के लिए मशहूर अभिनेत्री-गायिका मिथिला पालकर आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी फिल्म हैप्पी पटेल से सुर्खियां बटोर रही हैं। मिथिला फिल्मों से लेकर ओटीटी तक पर अपने अभिनय की कला को दिखा चुकी हैं। अब उन्होंने अपनी फिल्मी जर्नी शेयर की है और बताया है कि उन्होंने कभी भी एक्टिंग करियर के लिए किसी तरह की प्लानिंग नहीं की, बल्कि सब कुछ अपने आप होता चला गया। अभिनेत्री मिथिला ने कहा, मैंने हमेशा यही कहा है कि अपने पेशेवर जीवन को आगे बढ़ाने के लिए मैंने परिस्थितियों के अनुसार ही काम किया। एक एक्ट्रेस बनने के लिए मैंने इसे दोनों हाथों से अपनाया। मुझे क्या पता था कि इंटरनेट क्या कर देगा? 10 साल पहले, हम सभी इंटरनेट पर बस शुरुआत कर रहे थे। उस समय टीवी, थिएटर और फिल्में ही मुख्य थीं। रेडियो का भी अपना एक अलग ही प्रभाव था। इसलिए, हमें नहीं पता था कि इंटरनेट इस तरह से अपना प्रभाव डाल सकता है। इसलिए, मैं भी सोशल मीडिया पर एक्सपेरिमेंट कर रही थी। मैं हर उस चीज के साथ प्रयोग करने को तैयार थी जो मुझे एक कलाकार बनने में मदद करे।

उन्होंने कहा, मैंने हर चीज के लिए ऑडिशन दिया। मेरी जिंदगी जिस तरह से आगे बढ़ी है, मुझे नहीं लगता कि मैं इससे बेहतर योजना बना सकती थी। इसलिए मुझे खुशी है कि मैंने इसकी योजना नहीं बनाई, क्योंकि मैंने खुद को जिंदगी के फ्लो के साथ चलने की आजादी दी। मुझे फिल्टर कॉपी मिली, जिसने मुझे न्यूज दर्शन दिया, जो एक नया व्यंग्य कॉमेडी शो था, जिसके बाद ध्रुव और मैंने दो कॉमेडी स्केच किए। उसके बाद, लिटिल थिंग्स हुआ, गर्ल इन द सिटी हुआ। तो, सब कुछ एक के बाद एक होता चला गया। इसलिए मुझे नहीं लगता कि अगर मैंने इसकी योजना बनाई होती, तो मैं इसे इतनी अच्छी तरह से बना पाती। करियर की शुरुआत में मिथिला को कई लोगों से सहयोग मिला और वे खुद को लकी मानती हैं कि उनकी जर्नी में उन्हें अच्छे लोगों का साथ मिला।



रजनीकांत जेलर 2 जैसी एक्शन फिल्म से वापसी कर रहे हैं और कमल हासन भी अनबरीव जैसी हाई-ऑक्टेन फिल्म की तैयारी में हैं। इसलिए वे जानबूझकर कुछ अलग स्टाइल की फिल्म चाहते थे। लोकेश ने कहा, ऐसी हल्की फिल्में मेरी पसंद की नहीं हैं, इसलिए उन्होंने प्रोजेक्ट छोड़ दिया।

### कैथी 2 में देरी क्यों?

कैथी 2 में देरी की अफवाहों पर भी लोकेश ने सफाई दी। उन्होंने कहा कि देरी का कारण वेतन बढ़ाने की मांग नहीं है। इस वजह से उन्हें मैत्री मूवी मेकर्स के साथ पुराना प्रोजेक्ट फिर से शुरू करना पड़ा और तभी अल्लू अर्जुन के साथ नई फिल्म शुरू हुई। वहीं एटली (जो अल्लू अर्जुन के साथ काम कर रहे हैं) से तुलना की बात पर लोकेश ने कहा कि उनके बीच कोई प्रतिद्वंद्विता नहीं है। दोनों तमिल सिनेमा को आगे बढ़ाने पर फोकस कर रहे हैं और एक-दूसरे की सफलता से खुश होंगे। अब थलाइवर 173 का निर्देशन सिबी चक्रवर्ती करेंगे और इसे कमल हासन की कंपनी राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल बनाएगी।

### लोकेश की आने वाली फिल्म

लोकेश की तरफ से अच्छी खबर यह है कि उन्होंने हाल ही में अल्लू अर्जुन के साथ अपनी नई फिल्म की घोषणा की। पोंगल और मकर संक्रांति के मौके पर इसका टीजर जारी किया गया। फिल्म का अभी शीर्षक फाइनल नहीं हुआ है, संगीत अनिरुद्ध देंगे और शूटिंग इस साल के अंत में शुरू होगी।

क्यों प्रसिद्ध हैं लोकेश कनगराज?

लोकेश कनगराज मुख्य रूप से अपनी अनूठी एक्शन-थ्रिलर फिल्म मानागरम, कैथी, विक्रम और लियो (2023) जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं।




# अक्षय कुमार की वेलकम टू द जंगल की रिलीज डेट का एलान

बस पांच महीने का इंतजार और फिर सिनेमाघरों में होगा धमाल! जी हां, क्योंकि वेलकम टू द जंगल की रिलीज डेट सामने आ गई है। दिसंबर में अक्षय कुमार ने एक वीडियो साझा कर बताया था कि यह फिल्म साल 2026 में रिलीज होगी। अब इसकी रिलीज डेट का खुलासा भी कर दिया गया है।

### जून में होगा बॉक्स ऑफिस पर धमाका!

कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल जून में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह मल्टीस्टारर फिल्म 26 जून, 2026 को रिलीज होगी। वेलकम फ्रेंचाईजी की यह तीसरी किस्त है और काफी मजेदार होने वाली है। इसमें अक्षय कुमार के अलावा कई और शानदार सितारे नजर आएंगे।

### ये सितारे होंगे फिल्म का हिस्सा

फिल्म वेलकम टू द जंगल के निर्देशन की कमान अहमद खान ने संभाली है। इसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ सहित करीब 30 सितारे नजर आएंगे। रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, परेश रावल, राजपाल यादव, जॉनी लीवर, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, और दलेर मेहंदी भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

### पिछली दो फिल्में रहीं हिट

इस चर्चित फेंचाईजी की पहली वेलकम साल 2007 में रिलीज हुई थी।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

# नभ ,जल व थल तक है वनों का विस्तार

● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वानिकी सम्मेलन और आईएफएस मीट में कसा तंज ● कहा-मगरमच्छों को वैसे तो पकड़ते हैं पर हमारे वन अफसरों ने छोड़ने का काम किया




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईएफएस सर्विस मीट में मगरमच्छों को लेकर तंज कसते हुए कहा है कि वैसे तो मगरमच्छों को पकड़ने की बात होती है, छोड़ने पर सवाल खड़े होते हैं, लेकिन वन विभाग की ओर से मगरमच्छों को छोड़ने का मामला तो कुछ मुश्किल लगा। यहां मगरमच्छों को छोड़ना पकड़ना होता रहता है। उन्होंने प्रदेश के वन विभाग की गतिविधियों और प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीते का पुनर्स्थापना वन विभाग की दक्षता से ही संभव हो पाया। चंबल में घड़ियाल और नर्मदा नदी में मगरमच्छ छोड़ने का अनुभव अद्भुत रहा। उन्होंने कहा कि वन, वन्य जीव और क्षेत्रीय रहवासियों के बीच निर्भयता वाले संबंध वन विभाग की सेवाओं से ही संभव हो पाए। यादव ने कहा कि अगर हम डरते तो वन में जाते नहीं और वे डरते तो अटैक करते, लेकिन दोनों ने ही इसमें भागीदारी निभाई है। वन विभाग की गतिविधियों का विस्तार नभ, थल, जल सभी ओर है। इसी कारण देश में सबसे अच्छी ग्रोथ वन विभाग की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मीट प्रोफेशनल संवाद के साथ ही पारिवारिक आत्मीयता और सहयोगी संबंधों को मजबूत करने का भी अवसर है। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आईएफएस थीम गीत का विमोचन किया और सेवानिवृत्त आईएफएस एवं प्रदेश के पूर्व पीसीसीएफ डॉ. पीबी गंगोपाध्याय को प्रदेश के वनों की सुरक्षा और बेहतरी में उनके योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया। अवार्ड गंगोपाध्याय की पत्नी गौरी गंगोपाध्याय ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में वन, पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप सिंह अहिरवार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वीएन अंबाडे और वन अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित हैं। आईएफएस आफीसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एचएस मोहंता ने बताया कि दो दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में आईएफएस अधिकारियों के साथ रिटायर्ड अधिकारी भी शामिल होंगे। इस दौरान वन विभाग की गतिविधियों और एचीवमेंट की जानकारी भी दी जाएगी।

### कल्चरल प्रोग्राम में होंगे ग्रुप और सोलो सांग-डांस

मीट के पहले दिन 2024 बैच के प्रोबेशनर अफसरों का ग्रुप डांस होगा। इसके साथ ही ग्रुप सांग, लेजी डांस, ग्रुप डांस, रैम्प वॉक, स्किट में भी अपनी कला का प्रदर्शन आईएफएस अफसर और उनके परिजन करेंगे। आज शाम को ही फनी ड्रेस काम्पटीशन, सोलो डांस, सोलो सांग, स्किट के जरिये 18 प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

# टैक्स फ्री हो सकती है 13 लाख तक की कमाई

● बजट से उम्मीद ,300 नई ट्रेनों की घोषणा संभव



नई दिल्ली (एजेंसी)। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को बजट में आम जनता के लिए बड़ी राहत की घोषणा कर सकती हैं। जानकारी के अनुसार इनकम टैक्स की नई रिजीम में स्टैंडर्ड डिडक्शन 75 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए किया जा सकता है। इससे सैलरीड लोगों की 13 लाख रुपए की इनकम टैक्स-फ्री हो जाएगी। अभी 12.75 लाख रुपए तक कि इनकम टैक्स फ्री है। सूत्रों ने बताया कि उद्योग संगठन कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री ने सरकार को सुझाव दिया है कि खपत बढ़ाने के लिए लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा छोड़ना जरूरी है। टैक्स छूट बढ़ने से लोगों की पर्चेजिंग पावर बढ़ेगी।

### ● किसान सम्मान निधि की बढ़ सकती है सालाना रकम

पीएम-किसान योजना की राशि 6 हजार से 9 हजार रुपए सालाना की जा सकती है। बीते 3 साल से इसे बढ़ाने की बात हो रही है। 2019 में योजना शुरू होने के बाद से इसमें बदलाव नहीं हुआ है। 2024 में संसदीय स्थायी समिति ने रकम दोगुना करके 12 हजार रुपए सालाना करने की सिफारिश की थी। किसान संगठनों का कहना है कि 2019 से मिल रहे 6 हजार रुपए की कीमत महंगाई की वजह से 5 हजार रुपए रह गई है। इसे बढ़ाकर 12 हजार रुपए किया जाना चाहिए। बिहार सरकार ने 3 हजार रुपए एक्स्ट्रा देने का ऐलान किया था।

### 300+नई अमृत भारत और वंदे भारत ट्रेनों का ऐलान संभव

सरकार नई ट्रेनें चलाकर 2030 तक रिजर्वेशन की वेटिंग लिस्ट खत्म करना चाहती है। ऐसे में 300 से ज्यादा अमृत भारत और वंदे भारत ट्रेनों का ऐलान हो सकता है। पिछले बजट में रेलवे के लिए 2.65 लाख करोड़ रुपए अलॉट किए गए थे। यह अब तक का सबसे बड़ा रेल फंड है। इस बार भी इसके बढ़ने की उम्मीद है। सरकार 2030 तक ट्रेन रिजर्वेशन में वेटिंग लिस्ट खत्म करना चाहती है। फिलहाल पीक सीजन में डिमांड और सीट उपलब्धता में करीब 20-25 फीसदी का अंतर रहता है। इसके लिए ट्रेनें बढ़ाने के साथ ट्रैक विस्तार भी करना होगा। ट्रेनों में रोजाना सफर करने वाले करीब 2 करोड़ लोगों को इसका फायदा होगा।

# केदारनाथ और बद्रीनाथ में मोबाइल बैन करने की तैयारी

● अध्यक्ष बोले- ब्लॉगिंग करने वालों पर कार्रवाई होगी ● गैर-हिंदुओं की एंट्री पर बहुत जल्द रोक लग सकती है

**देहरादून (एजेंसी)।** बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले श्रद्धालुओं के लिए नए नियम बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति इस मुद्दे पर जल्द बैठक करेगी। नए नियमों में मंदिर परिसर के अंदर मोबाइल फोन पर बैन और गैर-हिंदुओं की एंट्री पर रोक शामिल हो सकती है। अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि अगर कोई व्यक्ति मंदिर परिसर में फोन लेकर घूमता मिला, तो उसका मोबाइल जब्त कर लिया जाएगा और उस पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। यह बैन उन लोगों की वजह से लगाया जा रहा है, जो मंदिर परिसर में ब्लॉगिंग और वीडियो बनाते हैं। समिति का कहना है कि देश के कई बड़े मंदिरों में पहले से ऐसे नियम हैं। अब केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में भी अपने अलग नियम लागू किए जाएंगे। ब्लॉगिंग करने वालों पर नजर रहेगी।



# अजित पवार के निधन के बाद विभागों पर भारी खींचतान

● एनसीपी ने सीएम को सामने ठोंका दावा ,रार बढ़ने की आशंका

**मुंबई (एजेंसी)।** एनसीपी प्रमुख और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन से सियासी हलचल भी तेज हो गई है। एनसीपी ने उनके



विभागों पर अपना दावा ठोंक दिया है। सूत्रों के अनुसार, अजित पवार गुट के बड़े नेता मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर दबाव बनाने में लगे हुए हैं। अजित पवार के पास मुख्य रूप से वित्त विभाग, प्लानिंग डिपोर्टमेंट और आबकारी जैसे महत्वपूर्ण विभाग थे, जबकि अतिरिक्त प्रभार के तौर पर खेल एवं युवा कल्याण तथा अल्पसंख्यक विकास विभाग भी उनके पास थे। ये पोर्टफोलियो दिसंबर 2024 में महायुति सरकार के गठन के बाद से उनके पास रहे, जहां वित्त उनका सबसे शक्तिशाली और प्रमुख विभाग था। 28 जनवरी को बारामती में हुए विमान दुर्घटना में अजित पवार के निधन के बाद ये सभी विभाग अब खाली हो गए हैं।

# लखनऊ में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

● सऊदी जाते वक्त तकनीकी खराबी आई; मुंबई में उतरने की परमीशन नहीं मिली तो लौटा

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ एयरपोर्ट से सऊदी अरब जा रहे एक विमान की शुक्रवार को इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। उड़ान के कुछ समय बाद विमान में तकनीकी दिक्कत आ गई थी। सूत्रों के मुताबिक, जब विमान मुंबई के पास पहुंचा, तब केबिन प्रेशर में समस्या आ गई। इसके चलते कुछ यात्रियों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। हालात देखते हुए पायलट ने पहले मुंबई एयरपोर्ट से संपर्क कर लैंडिंग की अनुमति मांगी, लेकिन वहां से परमीशन नहीं मिली। इसके बाद पायलट ने लखनऊ एयरपोर्ट से संपर्क किया। लखनऊ से इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मिलते ही




विमान वापस लौट आया। करीब 82 मिनट में विमान सुरक्षित रूप से लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा। यह विमान सऊदिया अरबिया एयरलाइंस का था। फ्लाइट नंबर जेद्दा जा रही थी। विमान में 275 यात्री, 4 पायलट और 6 क्रू मेंबर सवार हैं। जानकारी के मुताबिक, विमान का तय समय दोपहर 12.05 बजे था, लेकिन यह 12.23 बजे उड़ान भर सका। दोपहर करीब 1.45 बजे विमान को बीच रास्ते से वापस लाना पड़ा। फिलहाल विमान लखनऊ एयरपोर्ट पर खड़ा है। यात्रियों को अभी विमान से उतारा नहीं गया है। तकनीकी खराबी दूर की जाएगी।

### रनवे पर उतरते ही निकलने लगा था धुआं

सूत्रों ने बताया कि विमान की लैंडिंग के समय पायलट ने उसके पहिये खोलकर विमान को रनवे पर उतारा, तभी उसके बाएं तरफ के पहिए में खराबी आ गई। यह खराबी हाइड्रोलिक सिस्टम में अचानक लीकेज होने की वजह से बताई जा रही है। इसी से तेज धुएं के साथ चिनगारी उठने से वहां हड़कंप जैसी स्थिति बन गई। अगर यह खराबी विमान के टेकऑफ के समय हो जाती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। सूत्रों ने बताया कि हज यात्रियों की वापसी के दौरान सऊदी अरबिया एयरलाइंस का विमान जेद्दा से हज यात्रियों को लेकर यहां आता है, लेकिन यहां से बिना यात्रियों के ही वापस खाली ही जाता है।